कार्यालय प्राचार्य शासकीय शहीद वीरनारायण सिंह महाविद्यालय,
बिलाईगढ,जिला—बलौदाबाजार—भाटापारा (छ.ग.)

| Email ID -collegebilaigarh@gmail.com | www.gcbilaigarh.in | Ph. No. - 07729-231581 |
| --- | --- | --- |

बिलाईगढ़, दिनांक—29 / 09 / 2021

# / /सूचना/ /

महाविद्यालय के समस्त छात्र—छात्राओं सूचित किया जाता है कि नेशनल स्कालशिप (CSSS छात्रवृत्ति) का ऑनलाईन पोर्टल खुल गया है इच्छूक छात्र—छात्राए www.scholarships.gov.in पर आवेदन कर सकते है।

**संलग्न :— नेशनल स्कालशिप (CSSS छात्रवृत्ति) की विवरण**

प्राचार्य
शास.श.वी.ना.सिंह महाविद्यालय
बिलाईगढ़, जिला—बलौदाबाजार(छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. S.V.N.S. College Bilaigarh
Distt.-Balodabazar-Bhatapara(C.G.)

# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,

ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर
(फोन – 0771–2636412, फैक्स – 0771–2263412)
(Email - che-higheredu.cg@gov.in, www.highereducation.cg.gov.in)


क्रमांक 273/30/आउशि/छात्रवृत्ति/2020–21 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 27-01-2021

प्रति,

कुलसचिव,
समस्त वि.वि. छ.ग.

प्राचार्य,
समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त एवं
अशासकीय महाविद्यालय, छत्तीसगढ

विषयः– नेशनल स्कालरशिप (CSSS छात्रवृत्ति)।

संदर्भः– डीओ नं. 1–34/2020–एनएस–1 दिनांक 27.11.2020।

--00--

विषयान्तर्गत लेख है कि भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के पत्र डी.ओ नं. 1–34/2020–एनएस–1 दिनांक 27.11.2020 की छायाप्रति संलग्न है जिसमें शिक्षा मंत्रालय उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली CSSS की छात्रवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है :–

1. CSSS (Central Sector Scheme for Scholarship for College and University Students) के लिए वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते है जो –
    a. 80 परसेंटाइल से अधिक अंक विभिन्न संकाय (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान) में कक्षा 12वीं में प्राप्त किए हों।
    b. कक्षा 12वीं नियमित विद्यार्थी के रूप में उत्तीर्ण हो।
    c. पारिवारिक आय 8 लाख रूपये से कम हो।
    d. अन्य कोई छात्रवृत्ति न प्राप्त होगी हो एवं फीस माफ न हो।
2. यह छात्रवृत्ति अधिकतम 05 वर्षो के लिए नवीनीकरण होकर प्राप्त होगी। स्नातक स्तर पर रू. 10,000/– एवं स्नातकोत्तर स्तर पर रू. 20,000/– की धनराशि प्राप्त होगी।
3. जो विद्यार्थी कक्षा 12वीं सत्र 2019–20 में Top 20th Percentile List जो कि (SEB/CBSE/CISCE) द्वारा जारी की गई में सूचीबद्ध हो वही CSSS की छात्रावृत्ति हेतु योग्य होंगे।
4. CSSS छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि में दिनांक 31.01.2021 तक की वृद्धि की गई है।

इस छात्रवृत्ति हेतु सर्वप्रथम महाविद्यालय को www.scholarships.gov.in के पोर्टल पर अपनी संस्था को पंजीकृत करना होगा। उसके पश्चात् निम्नानुसार प्रमाण पत्रों के साथ विद्यार्थी को आवेदन करना होगा :–

1. जाति प्रमाण पत्र (आवश्यक होने पर)
2. आधार कार्ड
3. आय प्रमाण पत्र
4. वोटर आईडी
5. 12वीं की अंकसूची
6. दिव्यांग प्रमाण पत्र (आवश्यक होने पर)
7. बैंक पास बुक (प्रथम पेज की छायाप्रति)

अतः महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थी जिनको अन्य छात्रवृत्ति में रू. 10,000/– से कम की पात्रता हो तथा जिनको 12वीं में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त हो, उन सभी का छात्रवृत्ति आवेदन दिनांक 31.01.2021 तक संस्था के माध्यम से भरवाया जाये। इस हेतु विद्यार्थियों से सम्पर्क करके सभी डॉक्यूमेंट प्राप्त करने हेतु एक नोडल अधिकारी तथा आवेदन भरने हेतु कम्प्यूटर सेट एवं ऑपरेटर की व्यवस्था की जाये।

**(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

अपर संचालक(सी)
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर(छ.ग.)

क्रमांक 274/30/आउशि/छात्रवृत्ति/2020–21 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 27-01-2021

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर संचालक(सी)
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर(छ.ग.)